Ph.D (Hindi) / ET / 2020

Signature of Invigilator

Booklet Serial No,.

# MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY

## PhD (Hindi) Entrance Test - 2020

## QUESTION PAPER BOOKLET

Time: 2 hours

Max. Marks: 100

Hall Ticket No.

OMR Serial No.

INSTRUCTIONS TO THE CANDIDATES

1. Candidate should write their Hall Ticket number and OMR number on the space provided above. Candidate should not write their Hall Ticket number and OMR at any other place.

2. This booklet contains 16 pages. The last one page is for Rough Work. Candidate should check the booklet before taking the test. In case of misprint or irregularity in question numbers / pages, etc., should report to the Invigilator immediately.

3. There are 100 Multiple Choice Questions in the booklet. For each question there are four options. The candidate is required to choose the correct answer and darken the circle with blue / black ballpoint pen in the OMR sheet against the corresponding answer number.

4. Candidate will get one mark each for each correct reply in the OMR sheet. If the candidate does not bubble the correct answer against the corresponding question number in the OMR sheet, he will not get marks.

5. If the candidate bubbles more than one circle in OMR Sheet for any question, marks shall not be awarded for the question.

6. There are no Negative marks.

7. At the end of Entrance Test, candidates are allowed to take their question booklet.

Ph.D (Hindi) / ET / 2020

**PART (A)**

**Research Methodology**

1. मूल पाठ की तलाश किस अनुसंधान के अंतर्गत आती है ?
(A) पाठ अनुसंधान
(B) तुलनात्मक अनुसंधान
(C) आलोचनात्मक अनुसंधान
(D) मनोवैज्ञानिक अनुसंधान

2. सर्वप्रथम देश में प्रचलित भाषा संबंधित सूची किसने तैयार करवाई थी ?
(A) गार्सा द तासी
(B) डॉ.ग्रियर्सन
(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(D)सुनीति कुमार चटर्जी

3. अनुसंधान में तर्क पद्धतियां कितनी मानी गई है ?
(A) 4
(B) 2
(C) 3
(D) 1

4. क्या साहित्यिक शोध में प्रयोग अनिवार्य है ?
(A) हां
(B) नहीं
(C) विकल्प है
(D) तीनों नहीं

5. Hypothesis का हिंदी पर्याय क्या है ?
(A) परिकल्पना
(B) कल्पनातीत
(C) कल्पना
(D) अति कल्पना

6. पाठ अनुसंधान के संदर्भ में प्रतिलिपि क्या है ?
(A) मूल ग्रंथ की नकल
(B) प्रथम प्रति की नकल
(C) दूसरी प्रति की नकल
(D) मूल ग्रंथ

7. लोक साहित्य के सर्वेक्षणात्मक शोध में कहाँ कहाँ जाना पड़ता है ?
(A) ग्रामों में
(B) कस्बों में
(C) खेत खलिहानों में
(D) उपर्युक्त सभी स्थानों पर

8. नाट्य शोध संस्थान कहां स्थित है ?

(A) मुंबई
(B) दिल्ली
(C) कोलकाता
(D) हैदराबाद

9. सन् 1784 में शोध संस्था **रॉयल एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल** की स्थापना किसने की थी ?

(A) सर विलियम जॉन्स
(B) लार्ड कर्जन
(C) डॉ.ग्रियर्सन
(D) हेनरी थॉमस .सी

10. फादर थॉमस स्टीफेन्सन ने किस भाषा का व्याकरण लिखा था ?

(A) तमिल
(B) तेलुगु
(C) कोंकणी
(D) हिन्दी

11. सन् 1911 में फ्लोरेंस विश्वविद्यालय से किसने **रामचरितमानस और रामायण का तुलनात्मक अध्ययन** पर शोध प्रस्तुत किया था ?

(A) एल.पी.तेस्सी तोरी
(B) बीम्स
(C) हार्नले
(D) टॉड

12. सन् 1918 में लंदन विश्वविद्यालय से किसने **तुलसीदास दर्शन** पर शोध उपाधि प्राप्त की थी ?

(A) टर्नर
(B) डॉ.ग्रियर्सन
(C) डॉ कारपेंटर
(D) हार्नले

13. काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदी भाषा क्षेत्र में शोध उपाधि प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय कौन है ?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(B) डॉ.बाबूराम सक्सेना
(C) बाबू श्याम सुंदर दास
(D) आनंद शंकर धृव

14. भारत में हिंदी साहित्य के प्रथम शोध **हिंदी निर्गुण साहित्य** (1934) के विदेशी परीक्षक कौन थे ?

(A) फादर थॉमस स्टीफेन्सन
(B) डॉ.ग्रियर्सन
(C) ग्रीब्ज
(D) बीम्स

15. **लोक साहित्य** को **ग्राम साहित्य** किसने कहा ?

(A) पं.राम नरेश त्रिपाठी
(B) कृष्णदेव उपाध्याय
(C) डॉ वासुदेव शरण अग्रवाल
(D) डॉ सुनीति कुमार चटर्जी

16. गार्सा द तासी द्वारा रचित हिंदी साहित्य का प्रथम ग्रंथ किस भाषा में है ?
(A) अंग्रेजी
(B) हिंदी
(C) फ्रेंच
(D) पुर्तगाली

17. डॉ ग्रियर्सन के हिंदी साहित्य पर लिखे लेख **हिंदी साहित्य का प्रथम इतिहास** नाम से हिंदी रूपांतर किसने किया था ?
(A) किशोरी लाल गुप्त
(B) डॉ रामकुमार वर्मा
(C) डॉ.लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय
(D) माता प्रसाद गुप्त

18. आचार्य रामचंद्र शुक्ल द्वारा रचित **हिंदी साहित्य का इतिहास** किस पुस्तक की भूमिका के रूप में लिखा गया था ?
(A) हिंदी शब्द सागर
(B) हिंदी पुस्तक साहित्य
(C) कवि वृत्त संग्रह
(D) मिश्र बंधु विनोद

19. अप्रकाशित (हस्तलिखित ) ग्रंथ कहां उपलब्ध होते हैं ?
(A) पुस्तकालय
(B) संग्रहालय
(C) निजी पुस्तकालय
(D) उपर्युक्त सभी स्थानों पर

20. शोध का प्रत्येक भाग कैसे लिखा जाता है ?
(A) वैज्ञानिक प्रविधि से
(B) कल्पना से
(C) बिना तत्वों के निजी विचारों से
(D) इनमें से कोई नहीं

21. शोध की भूमिका में सर्वप्रथम क्या होना चाहिए ?
(A) अपने विषय पर किए गए पूर्ववर्ती कार्यों का आलोचनात्मक सिंहवालोकन
(B) अपने अध्ययन का विवरण
(C) अपने शोध उद्देश्य का विवरण
(D) इनमें से कोई नहीं

22. प्रतिलिपियों की पाठ विकृतियों ( प्रथम वर्गीकरण ) के कारण क्या होते हैं ?
(A) पाठ का विकृत होना
(B) दृष्टि दोष
(C) मनोवैज्ञानिक
(D) उपर्युक्त सभी

23. सन् 1921 की जनगणना के अनुसार भारतीय साम्राज्य में कितनी भाषाएँ थी ?
(A) 166
(B) 188
(C) 158
(D) 198

24. काव्यशास्त्र पर किया गया शोध कौन सी पद्धति के अंतर्गत आता है ?
(A) शास्त्रीय पद्धति
(B) ऐतिहासिक पद्धति
(C) सर्वेक्षणात्मक पद्धति
(D) इनमें से कोई नहीं

25. शोधार्थी में अपेक्षित गुण कौन से हैं ?
(A) जिज्ञासा
(B) क्षमता
(C) कार्य संलग्नता
(D) उपर्युक्त सभी

26. सामग्री संकलन के स्रोत क्या है ?
(A) प्रकाशित ग्रंथ
(B) अप्रकाशित ग्रंथ
(C) पत्र पत्रिकाएं
(D) उपर्युक्त सभी

27. हिंदी शोध में स्तरीयता के ह्रास के कारण क्या है ?
(A) यांत्रिक चेतना के सामान्य जनों का प्रवेश
(B) शोध उपाधि का एक प्रमुख योग्यता होना
(C) सामान्य रुचि एवं मेधा के व्यक्तियों का इसमें प्रवेश
(D) उपर्युक्त तीनों

28. **"मूलभूत तत्वों के आधार पर कठोर श्रम एवं विवेक से उपलब्ध किसी समस्या के समाधान की प्रक्रिया ही शोध है ।"** यह परिभाषा किसने दी है ?
(A) C.C.Crawford
(B) P.M Cook
(C) W.S Monroe
(D) इसमें से कोई नहीं

29. अनुसंधान और आलोचना में साम्य क्या है?
(A) तथ्य संकलन
(B) प्रामाणिकता के लिए अंतर्साक्ष्य और बहिर्साक्ष्य को अपनाया जाता है ।
(C) देशकाल गत परिवेश
(D) उपर्युक्त तीनों

30. जॉन ड्यूई ने अनुसंधान के कितने सोपान माने हैं?

(A) 4
(B) 6
(C) 5
(D) इनमें से कोई नहीं

31. प्रयोगात्मक शोध के मुख्य भेद कितने हैं ?

(A) 2
(B) 3
(C) 6
(D) 5

32. आयोजित नमूनीकरण (systematic sampling) क्या है ?

(A) आकस्मिक रूप से कुछ मदों का चयन करना
(B) प्रसंगानुकूल नमूनों का अध्ययन करना
(C) स्तरीकृत नमूनों का अध्ययन करना
(D) इनमें से कोई नहीं

33. टाइरस हिल्वे ने शोध विषय के चुनाव के बारे में कितने प्रश्न प्रस्तुत किए हैं ?

(A) 4
(B) 5
(C) 6
(D) 7

34. क्रियात्मक शोध किस शोध के अंतर्गत आता है ?

(A) प्रयोगात्मक शोध
(B) सर्वेक्षणात्मक शोध
(C) दस्तावेजी शोध
(D) मननात्मक शोध

35. इनमें से कौनसा सक्रिय है चिंतन नहीं है ?

(A) मननात्मक चिंतन
(B) तार्किक चिंतन
(C) विद्यार्थियों का नोट रटना
(D) युक्ति संगत चिंतन

36. **अनुसंधान प्रविधि सिद्धांत और प्रक्रिया** पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) विजयपाल सिंह
(B) एस.एन. गणेशन
(C) डॉ विनयमोहन शर्मा
(D) डॉ रवींद्र कुमार जैन

37. **पृथ्वीराज रासो भाषा और साहित्य** यह शोध ग्रंथ किसने लिखा है ?
(A) डॉ नगेंद्र
(B) नामवर सिंह
(C) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(D) इनमें से कोई नहीं

38. ऐतिहासिक दृष्टि से मनोवैज्ञानिक खोजों का साहित्य पर स्पष्ट प्रभाव कब से पढ़ना आरंभ हुआ ?
(A) सन् 1915 से
(B) सन् 1950 से
(C) सन् 1960 से
(D) सन् 1945 से

39. ये साहित्यिक अनुसंधान का गुण नहीं है ।
(A) सत्य प्रधानता
(B) तथ्य साधन
(C) तथ्य साध्य
(D) प्रयोग अनिवार्य नहीं

40. ये अनुसंधान का गुण नहीं है ।
(A) विषय ही मुख्य होता है
(B) वैज्ञानिक प्रक्रिया
(C) भाव प्रधानता
(D) अनुसंधान अंगी होता है

41. अनुसंधान और आलोचना पुस्तक के लेखक कौन है?
(A) विजयपाल सिंह
(B) डॉ विनयमोहन शर्मा
(C) नगेंद्र
(D) इनमें से कोई नहीं

42. **"शोध मूलत है कठोर श्रम पर आधारित प्रामाणिक तथ्यान्वेषण और अर्थान्वेषण है ।"** यह परिभाषा किसकी है ?
(A) P.M.Cook
(B) C.C . Crawford
C) W.S. Monroe
(D) इनमें से कोई नहीं

43. **अष्टछाप के कवि** नाम से किया गया शोध किस प्रकार की शोध पद्धति के अंतर्गत आएगा ?
(A) तुलनात्मक पद्धति
(B) सर्वेक्षण पद्धति
(C) वर्ग परक
(D) पाठ निर्धारण पद्धति

44. भाषा पर शोध किस देश से आरंभ हुआ माना जाता है?
(A) जर्मनी
(B) चीन
(C) फ्रांस
(D) इंग्लैंड

45. **हिंदी पुस्तक साहित्य** पुस्तक के लेखक कौन है?
(A) डॉ रामकुमार वर्मा
(B) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय
(C) डॉ.माता प्रसाद गुप्त
(D) किशोरी लाल गुप्त

46. **"सामान्य से अधिक परिणाम प्राप्ति के लिए प्रयुक्त विशिष्ट साधन सामग्री तथा समन्वय का निष्कर्ष शोध है।"** यह परिभाषा किसकी है ?
(A) C.C.Crawford
(B) P.M Cook
(C) W.S Monroe
(D) इनमें से कोई नहीं

47. इनमें से कौनसी अनुसंधान की दिशा नहीं है ?
(A) तथ्यानुसंधान
(B) तथ्याख्यान
(C) मत, गुण या विचार की मौलिक स्थापना
(D) ज्ञान एवं तथ्य के माध्यम से प्रभाव का प्राधान्य

48. आइंस्टीन का गुरुत्वाकर्षण नियम (Law of gravitation) किस प्रकार के शोध के अंतर्गत आता है ?
(A) सैद्धांतिक शोध
(B) प्रायोगिक शोध
(C) क्रियात्मक शोध
(D) इनमें से कोई नहीं

49. इनमें से कौनसी सामग्री संकलन की पद्धति नहीं है?
(A) अध्ययन पद्धति
(B) साक्षात्कार पद्धति
(C) प्रश्नावली पद्धति
(D) दस्तावेजी पद्धति

50. शोध में उद्धरण का उपयोग क्यों किया जाता है?
(A) किसी तथ्य या सिद्धांत के परीक्षण के लिए
(B) किसी तथ्य या सिद्धांत के निरूपण के लिए
(C) किसी सत्य या सिद्धांत के खंडन के लिए
(D) उपर्युक्त सभी के लिए

## PART (B)
## Subject concerned

51. **चर्यापद** के रचनाकार कौन है ?
(A) डोम्भिपा (B) सरहपा
(C) शबरपा (D) लुइपा

52. **चंदनबाला रास** ग्रंथ के कवि आसगु कौन से साहित्य से संबंधित हैं ?
(A) नाथ साहित्य (B) सिद्ध साहित्य
(C) जैन साहित्य (D) रासो साहित्य

53. **पृथ्वीराज रासो** ग्रंथ को पूर्ण किसने किया था ?
(A) चंदबरदाई (B) जल्हण
(C) दलपति विजय (D) जगनिक

54. इनमें से कौन जैन साहित्य के कवि नहीं है ?
(A) देवसेन (B) जिनधर्म सूरि
(C) नरपति नाल्ह (D) विजयसेन सूरि

55. इनमें से कौन वल्लभाचार्य के शिष्य नहीं थे ?
(A) सूरदास (B) नंददास
(C) कृष्णदास (D) परमानंद दास

56. **कृष्ण गीतावली** ग्रंथ के लेखक कौन हैं ?
(A) सूरदास (B) गोस्वामी तुलसीदास
(C) चतुर्भुज दास (D) कृष्णदास

57. **मृगावती** ग्रंथ के लेखक कौन हैं ?
(A) मंझन (B) कुतुबन
(C) मुल्ला दाऊद (D) जायसी

58. इनमें से कौन सा ग्रंथ भूषण की रचना नहीं है ?

(A)अलंकार प्रकाश
(B) छन्दों हृदयप्रकाश
(C) छंद विचार
(D) शिवा बावनी

59. इनमें से रीतिबद्ध काव्य परंपरा के कवि कौन है?

(A) सेनापति
(B) घनानंद
(C) आलम
(D) बोधा

60. **श्रृंगार निर्णय** ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं ?

(A) भिखारी दास
(B) मतिराम
(C) सेनापति
(D) देव

61. तुलसी का भक्ति भाव कौन सा है ?

(A) दास्य
(B) सत्य
(C) अर्चन
(D) वंदन

62. इनमें से कौनसा उपन्यास देवकीनंदन खत्री का नहीं है ?

(A) नरेंद्र मोहिनी
(B) वीरेंद्र वीर
(C) कुसुम कुमारी
(D) कुसुम लता

63. **चंद्रकांता संतति** उपन्यास के कितने भाग हैं ?

(A) 24
(B) 14
(C) 22
(D) 19

64. इनमें से कौन से रचनाकार द्विवेदी युगीन नहीं है ?

(A) मैथिली शरण गुप्त
(B) रामनरेश त्रिपाठी
(C) गंगा प्रसाद शुक्ल **सनेही**
(D) बद्रीनारायण चौधरी प्रेमघन

65. **कानों में कंगना** कहानी के लेखक कौन हैं ?

(A) वृंदावन लाल वर्मा
(B) राधिका रमण प्रसाद सिंह
(C) विश्वंभर नाथ शर्मा कौशिक
(D) बंग महिला

66. **लक्ष्मी का स्वागत** एकांकी के रचनाकार कौन हैं ?

(A) सेठ गोविंद दास
(B) सुदर्शन
(C) उपेंद्रनाथ अश्क
(D) जैनेंद्र

67. **चांद** पत्रिका का आरंभ कब हुआ था ?

(A) सन् 1902
(B) सन् 1921
(C) सन् 1920
(D) सन्1915

68. **प्रयोगवाद** का आरंभ कब से माना जाता है ?

(A) सन् 1936
(B) सन् 1917
(C) सन् 1943
(D) सन् 1953

69. **स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह** ये किसके विषय में कहा गया है ?

(A) प्रगतिवाद
(B) छायावाद
(C) प्रयोगवाद
(D) नई कविता

70. **आषाढ़ का एक दिन** नाटक को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार कब मिला था ?

(A) सन् 1907
(B) सन् 1959
(C) सन् 1961
(D) सन् 1965

71. भारतेंदु हरिश्चंद्र उर्दू में किस नाम से रचना करते थे ?

(A) रसा
(B) रास
(C) मुंशी
(D) बेकल

72. **चंद हसीनों के ख़ुतूत** उपन्यास के रचनाकार कौन हैं ?

(A) राजेंद्र यादव
(B) जैनेंद्र
(C) पांडे बेचन शर्मा **उग्र**
(D) रांगेय राघव

73. **सच बोलने की भूल** कहानी के लेखक कौन है ?

(A) जैनेंद्र
(B) यशपाल
(C) मोहन राकेश
(D) प्रेमचंद

74. **मैला आंचल** उपन्यास का **नाट्यरूपांतरण** किसने किया है ?
(A) प्रतिभा अग्रवाल
(B) गिरीश रस्तोगी
(C) हृषीकेश सुलभ
(D) जितेन्द्र मित्तल

75. **काली आंधी** उपन्यास के लेखक कौन हैं ?
(A) जैनेंद्र
(B) कमलेश्वर
(C) राजेंद्र यादव
(D) अमृतराय

76. **श्रवकाचार** ग्रंथ के लेखक कौन है?
(A) देवसेन
(B) मुनि जिन विजय
(C) आसगु
(D) लुइपा

77. **जगनिक** इनमें से किस ग्रंथ के लेखक हैं ?
(A) बीसलदेव रासो
(B) परमाल रासो
(C) खुमाण रासो
(D) हम्मीर रासो

78. **आल्हा और ऊदल** पर आधारित रचना कौनसी है?
(A) पृथ्वीराज रासो
(B) बीसलदेव रासो
(C) परमाल रासो
(D) हम्मीर रासो

79. **भक्तमाल** के रचनाकार कौन है ?
(A) नाभादास
(B) गोस्वामी तुलसीदास
(C) अग्रदास
(D) ईश्वरदास

80. कृष्ण भक्ति का आधार ग्रंथ कौन सा है?
(A) श्रीमद् भागवत
(B) रामायण
(C) श्रीमद् भगवतगीता
(D) महाभारत

81. **पद्मावत** में सुवा किसका प्रतीक है?
(A) बुद्धि
(B) गुरु
(C) मन
(D) दुनिया धंधा

82. इनमें से कौन सी रचना कुलपति मिश्र की है ?
(A) रस पीयूष निधि (B) रस सारांश
(C) रस रहस्य (D) रस प्रबोध

83. वृंद किस काल के कवि हैं ?
(A) आदिकाल (B) आधुनिक काल
(C) रीतिकाल (D) भक्ति काल

84. **चौरासी वैष्णवन की वार्ता** ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं ?
(A) गोस्वामी विट्ठलनाथ (B) नाभादास
(C) चैतन्य महाप्रभु (D) गोकुलनाथ

85. सभी रसों का वर्णन किस ग्रंथ में है?
(A) भाषा भूषण (B) रस प्रबोध
(C) छंद सार संग्रह (D) वाणी भूषण

86. **अंधेर नगरी** नाटक के रचनाकार कौन है?
(A) प्राणचंद चौहान (B) श्रीनिवास दास
(C) गोपालराम गहमरी (D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

87. गोपाल राम गहमरी कृत **गुप्तचर** किस विधा की रचना है ?
(A) कहानी (B) नाटक
(C) कविता (D) उपन्यास

88. **'धोखा'**, **'खुशामद'** और **'नारी'** ये किसके निबंध हैं ?
(A) भारतेंदु हरिश्चंद्र (B) प्रताप नारायण मिश्र
(C) बालकृष्ण भट्ट (D) काशीनाथ खत्री

89. भारतेंदु कृत **चंद्रावली** नाटक में किस का चरित्र प्रधान है ?
(A) कृष्ण (B) राम
(C) सीता (D) लक्ष्मण

90. द्विवेदी युगीन काव्य की यह प्रमुख प्रवृत्ति नहीं है ।
(A) राष्ट्रीयता
(B) नख शिख वर्णन
(C) नीति और आदर्श
(D) हास्य-व्यंग्य

91. **प्रिय पति, वह मेरा प्राणप्यारा कहाँ है ।**
**दुख जलनिधि डूबी का सहारा कहाँ है ।।**
उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार कौन है ?
(A) श्रीधर पाठक
(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(C) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध
(D) रामनरेश त्रिपाठी

92. इनमें से कौनसा उपन्यास देवकीनंदन खत्री का है ?
(A) काजर की कोठरी
(B) अद्भुत लाश
(C) परीक्षा गुरु
(D) पुतली महल

93. **धर्मपुत्र** किसका उपन्यास है?
(A) विश्वंभरनाथ शर्मा कौशिक
(B) प्रेमचंद
(C) आचार्य चतुरसेन शास्त्री
(D) शिवपूजन सहाय

94. '**बाहुबली**' और '**वातायन**' कहानियों के लेखक कौन है?
(A)प्रेमचंद
(B) जैनेंद्र
(C) पांडे बेचन शर्मा **उग्र**
(D) अज्ञेय

95. **ऐसे क्षण अंधकार घन में जैसे विद्युत ।**
**जागी पृथ्वी तनया कुमारी का छवि अच्युत ।।**
उपयुक्त पंक्तियाँ किस कविता का अंश है ?
(A) असाध्य वीणा
(B) राम की शक्ति पूजा
(C) कामायनी
(D) सरोज स्मृति

96. किस कविता में फैंटेसी का प्रयोग हुआ है ?
(A) हरी घास पर क्षण भर
(B) सुख दुख
(C) कामायनी
(D) अंधेरे में

97. **योगचर्या** ग्रंथ के लेखक कौन हैं?

(A) डोम्भिपा (B) लुइपा

(C) शबरपा (D) सरहपा

98. इनमें से राजेंद्र यादव की कहानी कौन सी है?

(A) मलबे का मालिक (B) दोपहर का भोजन

(C) जहां लक्ष्मी कैद है (D) परिंदे

99. **'सरयू पार की यात्रा'**, **'लखनऊ की यात्रा'** और **'हरिद्वार की यात्रा'** इन यात्रा वृत्तों के लेखक कौन हैं ?

(A) बालकृष्ण भट्ट (B) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(C) प्रताप नारायण मिश्र (D) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

100. **सरोज स्मृति** का प्रथम प्रकाशन कब हुआ था?

(A) सन् 1933 में (B) सन् 1935 में

(C) सन् 1931 में (D) सन् 1934 में

************

Rough Work